# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक / 531 /752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2023

प्रति,

1. प्राचार्य,
   समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
   शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर (छ.ग.)
2. समस्त विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला,
   शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर (छ.ग.)

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2023–24 में स्नातक पाठ्यक्रमों के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के तृतीय/पंचम सेमेस्टर में ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में।

संदर्भ :– विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक/494/752/ अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 17/06/2023

*****

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित अधिसूचना का अवलोकन करने का कष्ट करें।

लेख है कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में तथा स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के तृतीय/पंचम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है।

परन्तु विश्वविद्यालय के अधिकारियों के संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा ऑफलाईन प्रवेश आवेदन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। महाविद्यालयों द्वारा पोर्टल में द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष तथा तृतीय/पंचम सेमेस्टर की सीट संख्या दर्ज नहीं किया गया है। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा आयोजित शैक्षणिक सत्र 2022–23 की मुख्य/वार्षिक परीक्षा, मार्च–अप्रैल 2023 में स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे परीक्षार्थी (नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक), जो विश्वविद्यालय संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में क्रमशः द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में नियमित प्रवेश लेकर अध्ययन करना चाहते हैं, के युजर आईडी को द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर/पंचम सेमेस्टर में अपडेट नहीं किया गया है, जिसके कारण छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन प्रवेश आवेदन करने, ABC ID दर्ज करने में कठिनाईयों का सामना करना पढ़ रहा है।

अवगत होना चाहेंगे कि आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश आवेदन, नामांकन आवेदन, परीक्षा आवेदन में छात्र–छात्राओं का ABC ID दर्ज किया जाना अनिवार्य है, जिसे छात्र–छात्राओं के प्रवेश, नामांकन, परीक्षा आवेदन, अंकसूची, उपाधि आदि में अनिवार्य रूप से अंकित किया जाना है। चूंकि विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन प्रवेश आवेदन में छात्र–छात्राओं का ABC ID दर्ज करने की सुविधा दी गई है। दिनांक 23.06.2023 को डिजीलॉकर में छात्र–छात्राओं की ABC ID दर्ज करने की स्थिति के संबंध में शासन स्तर पर आयोजित की गई समीक्षा बैठक में उपरोक्त के संबंध में पुनः निर्देश दिया गया है।

**अतः विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में तथा स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के तृतीय/पंचम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश के लिए ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से ही संपन्न कराना सुनिश्चित करें। इस हेतु महाविद्यालय पोर्टल में द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष तथा तृतीय/पंचम सेमेस्टर की सीट संख्या दर्ज शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा आयोजित शैक्षणिक सत्र 2022–23 की मुख्य/वार्षिक परीक्षा, मार्च–अप्रैल 2023 में स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे परीक्षार्थी (नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक), जो विश्वविद्यालय संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में क्रमशः द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में नियमित प्रवेश लेकर अध्ययन करना चाहते हैं, के युजर आईडी को द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर/पंचम सेमेस्टर में अपडेट करना सुनिश्चित करें।**

आवेदक छात्र/छात्राओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों के लिए दिशा–निर्देश पृथक से संलग्न है।

**(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**कुलसचिव**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक / 532 /752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 24/06/2023

प्रतिलिपि :—

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर,
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
04. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
05. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
06. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,

— की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**
**जगदलपुर, जिला—बस्तर (छ.ग.)**

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक 1494/752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 17/06/2023

## //अधिसूचना//

छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं शैक्षणिक कैलेण्डर तथा कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के संबंध में दिये गये निर्देशानुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा आयोजित शैक्षणिक सत्र 2022–23 की मुख्य/वार्षिक परीक्षा, मार्च–अप्रैल 2023 में स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे परीक्षार्थी (नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक), जो विश्वविद्यालय संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में क्रमशः द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में नियमित प्रवेश लेकर अध्ययन करना चाहते हैं, वह विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) में यूजर आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर ऑनलाईन आवेदन, प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम जारी होने की तिथि से 10 दिवस के भीतर अथवा दिनांक 19.06.2023 से 10 दिवस के भीतर कर सकते हैं।

इसी प्रकार, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से भिन्न विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त अन्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण ऐसे परीक्षार्थी (नियमित/स्वाध्यायी/भूतपूर्व/पूरक), जो शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर से संबद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय में क्रमशः द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में नियमित प्रवेश लेकर अध्ययन करना चाहते हैं, वह विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) में दिये गये लिंक के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन कर प्राप्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर ऑनलाईन आवेदन, प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम जारी होने की तिथि से 10 दिवस के भीतर अथवा दिनांक 19.06.2023 से 10 दिवस के भीतर कर सकते हैं।

उपरोक्तानुसार संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम जैसे–बी.ए./बी.एस–सी./बी.कॉम./बी.एस–सी. गृहविज्ञान/बी.सी.ए. के द्वितीय वर्ष/तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क राशि रू. 100/– का भुगतान ऑनलाईन करना होगा।

आवेदक छात्र/छात्राओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों के लिए दिशा–निर्देश पृथक से संलग्न है।

**(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**कुलसचिव**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक 1495/752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक 17/06/2023

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर,
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
04. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
05. प्राचार्य, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
06. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
07. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**
**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**